तापमान
अधिकतम 45.0 डिग्री
न्यूनतम 28.5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 29 जून 2026

12 आश्रम का विस्तार होने से जरूरतमंदों को मिलेगी और बेहतर सुविधाएं



12 प्रधानमंत्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम देश के 140 लोगों को आपस में ...



## खबर संक्षेप

### चोरी की वारदात का खुलासा, दो आरोपी काबू

**पिहोवा।** अपराध अन्वेषण शाखा-1 ने चोरी की वारदात का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किया गया सामान बरामद करने में सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई को पीएसआई राहुल, पीएसआई नरेंद्र, एएसआई रणदीप, एएसआई कुलदीप, एएसआई परवेश, एएसआई जयपाल, मुख्य सिपाही दिनेश, सिपाही विनीत एवं सिपाही अमित की टीम ने अंजाम दिया। 25 जून 2026 को थाना शहर पिहोवा में सुंदर सिंह निवासी गांव तलहेड़ी की शिकायत पर तूर कॉलोनी स्थित निमार्णाधीन मकान में चोरी का मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार अज्ञात चोर मकान का दरवाजा तोड़कर डीवीआर, वाई-फाई, दो एलसीडी, कपड़े, बर्तन, पंखे, लगभग 45 हजार रुपये नकद तथा अन्य घरेलू सामान चोरी कर ले गए थे।

### विदेश भेजने के नाम पर हड़पे छह लाख रुपये

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर गांव भभोली निवासी सिद्धार्थ वेद व आशीष से छह लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप लुकस राय नामक व्यक्ति पर लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सिद्धार्थ वेद ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह तथा उसका दोस्त गांव का ही आशीष रोजगार के लिए विदेश जाना चाहते थे। इस दौरान उनकी मुलाकात लुकस राय के साथ हुई।

### बच्ची से गलत हरकत करने वाला काबू

**अंबाला।** अंबाला शहर के सदर थाना एरिया में 7 साल की बच्ची से करीब 35 वर्षीय तलाकशुदा ने गलत हरकत की। बच्ची को खाने-पीने की चीज का लालच देकर आरोपी ने 20 रुपए दिए। इसके बाद बच्ची से गलत हरकत की। बच्ची ने रोते हुए घर जाकर सारी बात अपनी मां को बताई, जिससे परिजनों ने सदर पुलिस को पूरे मामले से अवगत करवाया। सदर पुलिस ने इस मामले में आरोपी गुरतेज सिंह को गिरफ्तार किया है। एसएचओ सदर शंभू लाल ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया है।

### 35 ग्राम हेरोइन सहित दो युवक गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस की दो अलग-अलग टीमों ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए कुल 35 ग्राम हेरोइन (स्मैक) के साथ दो नशा तस्करों को रंगे हाथ काबू किया है। पहली कार्रवाई में सीआईए वन ने सूचना के आधार पर थाना बलदेव नगर क्षेत्र के अंतर्गत नजदीक सद्दोपुर से आरोपी दीपक निवासी बंधु नगर को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 20 ग्राम नशीला पदार्थ हेरोइन बरामद किया गया।

# केंद्रीय मंत्री करनाल में प्रदर्शनकारियों से मिले और पानीपत में बांटी साइकिलें

## खट्टर बोले-हरियाणा में कोई गरीब नहीं; नौकरी से हटाई कर्मियों ने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री तथा करनाल से सांसद मनोहर लाल ने रविवार को दिल्ली जाते समय बस्ताडा टोल प्लाजा पर रुककर नई टोल व्यवस्था का विरोध कर रहे स्थानीय लोगों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि सरकार स्थानीय वाहन चालकों की सुविधा के लिए करीब 2000 रुपये का सालाना पास लागू करने पर काम कर रही है। यह पास बनने के बाद स्थानीय वाहन चालक पूरे वर्ष बिना अतिरिक्त शुल्क के असीमित बार टोल पार कर सकेंगे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों की अन्य मांगों और एमएलएफएफ प्रणाली से प्रभावित



कर्मचारियों की समस्याएं भी सुनीं। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि एमएलएफएफ (मल्टी लेन फ्री फ्लो) प्रणाली लागू होने के बाद पहले की स्थानीय छूट समाप्त हो गई है, जिससे रोजाना टोल पार करने वाले लोगों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर मनोहर लाल ने भरोसा दिलाया कि सरकार स्थानीय लोगों की समस्या का स्थायी समाधान निकालने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। प्रदर्शन के दौरान नई स्वचालित टोल प्रणाली लागू होने के बाद नौकरी से हटाई गई महिला कर्मचारियों ने भी केंद्रीय मंत्री से रोजगार की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग से बातचीत कर उनके लिए रोजगार के वैकल्पिक अवसर तलाशने का प्रयास किया जाएगा। टोल मैनेजर प्रदीप मलिक ने बताया कि प्रस्तावित वार्षिक पास योजना लागू होने के बाद स्थानीय वाहन चालकों को बार-बार टोल शुल्क नहीं देना पड़ेगा और उन्हें काफी राहत मिलेगी।

## तीन नए स्किल सेंटरों का उद्घाटन, बोले- बेटियों की शिक्षा में नहीं चाहिए बाधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को राजनीतिक स्वार्थ नहीं, बल्कि सेवा की भावना से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में सत्ता संभालने के बाद सेवा की राजनीति का संदेश दिया, जिसे सभी जनप्रतिनिधि आगे बढ़ा रहे हैं। वह रविवार को गांव नौल्था स्थित डेरा समाधि बाबा द्वारकानाथ में अंत्योदय फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 274 जरूरतमंद छात्राओं को साइकिलें वितरित करने के बाद संबोधित कर रहे थे।मनोहर लाल ने बताया कि पानीपत जिले में अब तक 500 छात्राओं को



पानीपत। के गांव नौल्था में बेटियों को साइकिलें भेंट करते हुए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल।

साइकिलें दी जा चुकी हैं और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2010 में स्थापित अंत्योदय फाउंडेशन का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना और हर परिवार को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने पारदर्शी शासन, बिना खर्ची-पर्ची रोजगार और शिक्षा के विस्तार का भी उल्लेख किया। पंचायत विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने क्षेत्र में 40 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के शुरू होने की जानकारी दी, जबकि राज्यसभा सांसद संजय भाटिया ने फाउंडेशन के कौशल विकास कार्यक्रमों की सराहना की।

# नेताजी एक्सप्रेस से मिला लावारिस बच्चा

## सीट पर छोड़ा 6 माह का मासूम पास में मिला कपड़ों का बैग और टिकट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

दिल्ली से चंडीगढ़ जा रही नेताजी एक्सप्रेस ट्रेन के स्लीपर कोच में कोई व्यक्ति करीब 6 माह के मासूम बच्चे को लावारिस हालत में सीट पर ही छोड़कर फरार हो गया। ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों की जब इस अकेले रोते हुए बच्चे पर नजर पड़ी, तो हड़कंप मच गया। यात्रियों ने तुरंत इसकी सूचना रेलवे पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पानीपत राजकीय रेलवे पुलिस की टीम डिब्बे में पहुंची और बच्चे को कब्जे में लेकर तुरंत जांच के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया। पुलिस को मौके से बच्चे के कपड़ों का एक बैग और एक रेल टिकट भी बरामद हुआ है।

### यात्रियों ने दी सूचना

मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को नेताजी एक्सप्रेस ट्रेन रोजाना की तरह दिल्ली से चलकर पानीपत के रास्ते चंडीगढ़ की तरफ जा रही थी। ट्रेन जब पानीपत स्टेशन के नजदीक पहुंचने वाली थी, तभी स्लीपर कोच के यात्रियों ने देखा कि एक सीट पर करीब 6 माह का एक मासूम बच्चा अकेला लेटा हुआ है और रो रहा है। काफी देर तक जब बच्चे के पास कोई नहीं आया, तो यात्रियों ने आसपास की सवारियों से पूछताछ की। जब कोई सुराग नहीं मिला, तो यात्रियों को अनहोनी की आशंका हुई और उन्होंने तुरंत इसकी जानकारी जीआरपी को दी।



पानीपत। सिविल अस्पताल में बच्चे को बोतल दूध पिलाती महिला पुलिसकर्मी।

### कपड़ों का बैग और टिकट बरामद, अस्पताल में कराया भर्ती

ट्रेन जैसे ही पानीपत रेलवे स्टेशन पर आकर रुकी, जीआरपी थाना पुलिस की टीम तुरंत स्लीपर डिब्बे के अंदर दाखिल हुई। पुलिस ने मासूम बच्चे को सुरक्षित अपनी गोद में लिया। जांच के दौरान सीट पर बच्चे के पास से एक बैग भी मिला, जो छोटे बच्चों के कपड़ों और दूध आदि के सामान से भरा हुआ था। इसके साथ ही पुलिस को वहीं से एक यात्रा टिकट भी बरामद हुआ है, जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि बच्चा छोड़ने वाला शख्स किस स्टेशन से सवार हुआ था। जीआरपी ने बच्चे को सिविल अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों की विशेष टीम बच्चे के स्वास्थ्य की गहनता से जांच कर रही है। डॉक्टरों के अनुसार, बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ और सुरक्षित है।

# धीन में तालाब की पटरी तोड़ने पहुंची जेसीबी ग्रामीणों ने रोका, एनएचएआई के खिलाफ नारेबाजी

- ग्रामीण बोले बरसाती पानी की निकासी के लिए पटरी का किया जा रहा है निर्माण, बिना नोटिस दिए कार्रवाई पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुलाना

गांव धीन में उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब एक जेसीबी मशीन ने गांव के तालाब पर पंचायत द्वारा मानसून के दौरान बरसाती पानी की निकासी के लिए बनाई जा रही पटरी को तोड़ना शुरू कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही सरपंच, पंच और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए तथा काम रुकवा दिया। ग्रामीणों ने जब जेसीबी चालक से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसे एनएचएआई की ओर से भेजा गया है। ग्रामीणों और पंचायत का आरोप है कि विभाग ने कार्रवाई से पहले पंचायत को कोई सूचना नहीं दी। उनका कहना है कि संबंधित भूमि ग्राम पंचायत की है, इसलिए एनएचएआई द्वारा तालाब की पटरी तोड़ने का कोई औचित्य नहीं बनता।



मुलाना। पटरी को तोड़ती जेसीबी व नारेबाजी करते ग्रामीण।

मौके पर पंचायत और ग्रामीणों ने एनएचएआई के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस भी मौके पर पहुंची। करीब तीन घंटे बाद एनएचएआई के असिस्टेंट हाईवे इंजीनियर वरुण कुमार मौके पर पहुंचे। पंचायत प्रतिनिधियों ने उन्हें भूमि और निर्माण कार्य से संबंधित सभी दस्तावेज उपलब्ध कराए। अधिकारियों ने मामले की जांच के लिए सोमवार तक का समय मांगा।

इस दौरान पंचायत और ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि तालाब की सफाई और पटरी निर्माण का कार्य जारी रहेगा। उनका कहना है कि यदि भूमि पंचायत की है तो कार्य रोकने का कोई सवाल ही नहीं उठता।

### बचाव के लिए कराया जा रहा कार्य

धीन सरपंच सतविंद्र सिंह , पंच राजपाल,कमलजीत सिंह, जसबीर कौर, संजीव कुमार, राजकुमार, लक्ष्मी देवी, रेणु बाला, सतविंद्र कौर, करम चंद,बलविंद्र ,सुमन लता, प्रिंस सैनीं , अनिल सैनी, ,सुखविंदर कौर, सरोज बाला, मनजीत कौर, तरसेम,राजू व अन्य ने बताया कि करीब एक साल से उन्हें ऑनलाइन शिकायतें मिल रही कि तालाब का पानी बरसाती मौसम में ओवरफ्लो होकर सर्विस लेन पर आता है। इसका हल किया जाए। जिसके चलते बरसाती मौसम में गांव और सर्विस लेन को पानी से बचाने के लिए पानी निकासी के कार्य किए जा रहे है।

### फर्जी विवाह पत्र बनवा महिला को दर्शाया अपनी पत्नी

**यमुनानगर।** फर्कपुर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में व्यक्ति ने फर्जी विवाह पत्र तैयार करवा एक महिला को अपनी पत्नी के रूप में दर्शाया है। महिला का आरोप है कि इसके साथ ही आरोपी ने पासपोर्ट व अन्य दस्तावेजों में भी उसका नाम अपनी पत्नी के रूप में अंकित किया है। जबकि महिला का आरोपी के साथ कोई संबंध नहीं है। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार फर्कपुर थाना क्षेत्र की मायापुरी कॉलोनी बैंक कॉलोनी निवास रेखा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी तेग बहादुर नगर निवासी अशोक कुमार के साथ जान पहचान थी। आरोप है कि आरोपी अशोक कुमार ने षड्यंत्र रचकर एक फर्जी विवाह पत्र तैयार करवाया। जिसमें आरोपी ने उसे अपनी पत्नी के रूप में दर्शाया है। इसके साथ ही आरोपी ने पासपोर्ट व अन्य दस्तावेजों में भी उसे अपनी पत्नी के रूप में अंकित करवाया है। जब उसे इस बारे पता चला तो उसने आरोपी से बात की मगर आरोपी ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

# राहुल गांधी का सचिव बनकर कांग्रेस नेता से 10 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

जिले के एक गांव निवासी कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य से पार्टी कार्यक्रम के नाम पर 10 लाख रुपए लेने के मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता के मुताबिक, खुद को लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के सचिव बताकर कनिष्क सिंह नामक व्यक्ति ने उससे संपर्क किया था। आरोपी ने पार्टी के कार्यक्रम का हवाला देकर रुपए मंगवाए थे। उसने झूठ बोलकर उसने पैसे मंगवाए थे। आरोपी ने दावा किया था कि इस कार्यक्रम में पार्टी हाईकमान के लोग आएंगे। कार्यक्रम में आने वाले शीर्ष नेतृत्व के नेताओं के होटल में ठहरने और अन्य व्यवस्था का जिम्मा उन पर लगाया गया था। नाम न छापने की शर्त पर कुरुक्षेत्र के रहने वाले कांग्रेस नेता, पीसीसी सदस्य ने शिकायत में बताया कि वह कई वर्षों से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हैं। इसी साल 24 जनवरी को उनके मोबाइल पर एक व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को राहुल गांधी का सचिव कनिष्क सिंह बताते हुए कहा, कांग्रेस की उत्तराखंड इकाई का प्रशिक्षण कार्यक्रम चंडीगढ़ में होना है।

### बड़े नेताओं से मुलाकात का किया वायदा

कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों के ठहरने और अन्य व्यवस्थाओं की बात कही गई। पहले कुछ होटलों में व्यवस्था करने को कहा गया, लेकिन बाद में फोन कर बताया गया कि होटल की व्यवस्था पार्टी खुद कर लेगी। इसके बाद उनके साथ-साथ संगठन सचिव से 10 लाख रुपए लेकर चंडीगढ़ के सेक्टर-35 स्थित जेडब्ल्यू मैरियट होटल में बुलाया। साथ ही कहा कि यहां दीपक नाम का व्यक्ति मिलेगा, जिसे रुपए देने हैं। यह भी कहा गया कि कार्यक्रम के बाद में उनकी मुलाकात बड़े नेताओं से भी कराई जाएगी। किसी फ्रॉड से बचने के लिए उसने कॉल करने वाले की पहचान ट्रूकॉलर और गूगल पर भी जांची, जहां नाम कनिष्क सिंह ही दिखाई दिया। साथ ही कार्यक्रम की जानकारी भी चंडीगढ़ में होने की बात पता चली। इसी भरोसे में उसने और संगठन सचिव ने 5-5 लाख रुपए का इंतजाम किया। रात करीब 11 बजे दोबारा फोन आया और होटल पहुंचने को कहा गया। यहां होटल की पार्किंग में एक युवक मिला, जिसने खुद को दीपक बताया। उसने पहले फोन पर कनिष्क सिंह से बात करवाई और उसके बाद 10 लाख रुपए ले लिए।

### पुलिस कर रही जांच

उसने पुलिस को बताया कि शुरूआत में उन्होंने संकोच के कारण शिकायत नहीं दी। बाद में व्हाट्सएप पर इसी तरह के मामलों की जानकारी और उत्तराखंड पुलिस की कार्रवाई से जुड़ी खबर मिलने के बाद उन्होंने एसपी को शिकायत दी। अब थाना शहर थानेसर में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

### युवक की मौत, संदिग्ध परिस्थिति में की गई हत्या, चार पकड़े

**बराड़ा।** बराड़ा में आज एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या हो गई। प्रथम दर्शट्या में इस मौत की वजह नशे की ओवरडोज़ मानी गई। मगर पुलिस द्वारा बारीकी से जाँच करने पर इसे दोस्तों के द्वारा की गई संदिग्ध हत्या का मामला बताया जा रहा है।बराड़ा की वाल्मीकि बस्ती में रहने वाले मृतक राहुल उर्फ लोट्टा की बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।



सुचना मिलने पता उसके परिजन घटनास्थल पर पंहुचे। पहले जहां युवक की मौत नशे की ओवरडोज से मानी जा रही थी मगर बारीकी से देखने पर उनका शक यकीन में बदल गया। मृतक के शरीर ओर कई जगह चोट के निशान पाए गए। मृतक के आंखों पर गहरी चोट और कानो से खून बहुत रहा था। घटनास्थल से उतरने वाली सीडिओं पर कई जगह खून के धंब्बे पाए गए। बराड़ा थाना प्रभारी रामकरण ने मौके पर जाकर छानबीन की। इस मामले में पुलिस ने 3 युवकों को अपनी हिरासत में लिया जबकि कई आरोपी फ़रार हो गए। वहीं इस बारे पुष्ट सूचना मिली है की सखताई से पूछताछ करने पर हिरासत में लिए गए आरोपियों द्वारा कुछ सच्चाई उगल दी गई हैं। मगर मुख्य आरोपी फिलहाल फरार हो गए हैं। वहीं पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही पुलिस द्वारा हत्या का मामला दर्ज किया जाने वाला हैं। थाना प्रभारी बराड़ा रामकरण सैनी पुलिस अभी मामले की जाँच में जुटी हैं। कई मुख्य आरोपी अभी फरार हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई का खुलासा होगा।

### एचसीएस की परीक्षा में लगाई गई नाजायज व नई शर्त हटाई जाए

**कुरुक्षेत्र।** एआईयूटीयूसी के जिला प्रधान सुभाषचंद्र ने कहा कि हरियाणा पब्लिक सर्विस कमिशन की परीक्षा लेने के बाद नाजायज शर्त लगाकर बहुत सारे बच्चों को इंटरव्यू से वंचित करके नौजवानों के हितों पर कुठारघात किया है। जबकि प्रदेश में जितने पद खाली हैं उनमें से अगर इन बच्चों को मौका दिया जाता तो बहुत से बच्चे सेलेक्ट हो सकते थे। यह बच्चे पीएचडी, नैट पास किए हुए हैं। सरकार भर्ती करने का दिखावा अधिक कर रही है, वास्तव में भर्ती करना नहीं चाहती है। दलित और पिछड़ों के हिमायत में ढिंढोरा पीटने वाले आज उन बच्चों को भी इस इंटरव्यू में मौका नहीं दे रहे हैं। यह बच्चे कई दिन से पंचकूला में शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे थे। सरकार शांतिपूर्ण आंदोलन को कुचलने के लिए आधी रात के समय इनको गिरफ्तार किया गया, इनके टेंट उखाड़ दिए गए। यह सरकार का एकदम से तानाशाही पूर्ण तरीका है।

## जॉब सिक्योरिटी की मांग उठी, कर्मचारियों ने अधिकारों के लिए एकजुट रहने का संकल्प लिया

# गैर-शिक्षक कर्मियों का राज्य अधिवेशन, नई कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

शांतिकुंज भवन, कुरुक्षेत्र में गैर-शिक्षक कर्मचारियों का राज्य स्तरीय अधिवेशन आयोजित किया गया। अधिवेशन की अध्यक्षता वेद प्रकाश ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसके बाद कर्मचारियों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिवेशन में कर्मचारियों की जॉब सिक्योरिटी (नौकरी की सुरक्षा) को प्रमुख मांग के रूप में उठाया गया और सरकार से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की अपील की गई। अधिवेशन के दौरान राज्य स्तरीय कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। नई कार्यकारिणी में मदन को अध्यक्ष, प्रमिला यादव एवं सुनील को उपाध्यक्ष, प्रदीप को महामंत्री, कुलदीप एवं मनीष को सचिव, प्रिंस को कोषाध्यक्ष, हवा सिंह मैहला को संगठन मंत्री, प्रवीन कश्यप को मीडिया सचिव, रणबीर को सलाहकार तथा सतीश शर्मा, श्याम सुंदर, वीरेंद्र, जगदीश, संजीव, वेद प्रकाश और गौरव को कार्यकारी सदस्य बनाया गया। मीडिया सचिव प्रवीन कश्यप ने बताया कि अधिवेशन में भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री हवा सिंह मैहला तथा क्षेत्रीय मंत्री सोहन लाल गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों नेताओं ने कर्मचारियों को संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करने का आह्वान किया तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर बल दिया।



कुरुक्षेत्र। गैर–शिक्षक कर्मचारियों की नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारिणी।

### कुरुक्षेत्र विवि गैर शिक्षक कर्मचारी संगठन के प्रधान बने प्रवीन कश्यप

अधिवेशन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के गैर-शिक्षक कर्मचारियों की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। इसमें प्रवीन कश्यप को अध्यक्ष, विजय और नवीन को कोषाध्यक्ष, संजय एवं गुरदास को महामंत्री, रमन, राजेंद्र, रोशन और संजीव को उपाध्यक्ष तथा पवन और नीतेश को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### एकजुट होकर कार्य करने का लिया संकल्प

वक्ताओं ने कहा कि गैर-शिक्षक कर्मचारी किसी भी शैक्षणिक संस्थान की कार्यप्रणाली की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। ऐसे में उनकी सेवा सुरक्षा, समय पर पदोन्नति, वेतन संबंधी समस्याओं का समाधान तथा अन्य लंबित मांगों का शीघ्र निस्तारण किया जाना चाहिए। अधिवेशन का समापन कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ।

# नया बाजार में रैंप तोड़ने पहुंची नपा टीम का विरोध, बिना कार्रवाई लौटना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| इंद्री

इंद्री के नया बाजार में बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए रविवार को नगर पालिका की टीम दुकानों के आगे बने रैंप व थड़े हटाने के लिए जेसीबी मशीन लेकर पहुंची। टीम ने कुछ दुकानों के आगे बने रैंप और थड़े तोड़ने शुरू किए ही थे कि दुकानदारों ने विरोध शुरू कर दिया। जिसके चलते नगरपालिका की टीम को कार्रवाई बीच में ही रोकनी पड़ी और टीम को वापस लौटना पड़ा।

दुकानदार रवि, दीपक, जयकुमार, समय सिंह, अरुण, कमल, जसविंदर और बाबूराम का कहना है कि उन्हें रैंप और थड़े हटाने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन नगर पालिका द्वारा कार्रवाई भेदभावपूर्ण तरीके से की जा रही है। उनका



इंद्री। इंद्री के नया बाजार मे रैंप तोड़ती जेसीबी मशीन ।

आरोप था कि कुछ प्रभावशाली दुकानदारों के रैंप और थड़े नहीं तोड़े जा रहे, जबकि कुछ दुकानदारों के रैंप और थड़े तोडे जा रहें है। जो की बिल्कुल भी सहन नहीं किया जाएगा। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि यदि नगर पालिका को अतिक्रमण हटाना है तो सभी दुकानों के आगे बने रैंप और थड़े बिना किसी भेदभाव के हटाए जाएं। दुकानदारों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि नगर पालिका द्वारा रैंप और थड़े तोड़ने की कार्रवाई करनी है तो सभी दुकानों के रैंप और थड़े तोड़े जाने चाहिए । विरोध बढ़ने पर नगर पालिका की टीम को जेसीबी मशीन सहित मौके से लौटना पड़ा।

वही इस मामले में नगर पालिका के अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है । नपा सचिव धर्मवीर से जब इस मामले में बात करने की कोशिश की गई तो बार-बार फोन करने के बाद भी उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## खबर संक्षेप

### डंपर ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

**यमुनानगर।** गांव कलानौर के पास तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से एक युवक की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शहर की शांति कॉलोनी चिट्टा मंदिर निवासी नीरज कुमार ने सदर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका परिचित कॉलोनी का ही पदम व रोहित अपनी बाइक से किसी काम से जा रहे थे। जब वह गांव कलानौर के पास पहुंचे तो तेज रफ्तार डंपर ने उन दोनों की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी डंपर चालक मौके से फरार हो गया।

### 14.4 ग्राम हेरोइन सहित दो युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** प्रताप नगर थाना पुलिस ने हथिनीकुंड बैराज से दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 14.47 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसआई जसविंदर सिंह ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ हथिनीकुंड बैराज पर गश्त कर रहा था। इस दौरान उन्हें दो युवक आते दिखाई दिए। जब उन्होंने शक के आधार पर दोनों युवकों को रोककर उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 14.47 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपियों की पहचान प्रताप नगर निवासी शेरखान व इरफान के रूप में हुई।

### गांव अलाहर के सरपंच पर कसी व डंडों से हमला

**यमुनानगर।** गांव अलाहर के सरपंच रजत कंबोज पर दो लोगों ने कसी व डंडों से हमला कर दिया। जिससे सरपंच घायल हो गया। आरोपियों पर सरकारी काम में बाधा डालने व गाली गलौज करने का भी आरोप है। रजत कंबोज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव का मौजूदा सरपंच है। 26 जून को शाम जब वह विकास कार्य की साइट पर मौजूद था। वहां पर उसकी राजेश कुमार व जगमाल सिंह के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज की व सरकारी काम बाधा डाली। कहासुनी होने पर आरोपियों ने उसे पर कसी व डंडों से हमला कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### कुबेर रीयल्टी ग्रुप का ताला तोड़कर सीमेंट, सरिया चोरी

**यमुनानगर।** कुबेर रीयल्टी ग्रुप के कार्यालय का ताला तोड़कर सीमेंट, सरिया व अन्य सामान चोरी कर लिया गया। आरोप गांव तेलीपुरा निवासी फरमान, जुल्फिकार व मोहम्मद पर लगा है। जानकारी के अनुसार अनिल कुमार ने बताया कि वह कुबेर रीयल्टी ग्रुप में नौकरी करता है। उन्होंने तेलीपुरा में कंपनी का कार्यालय बनाया हुआ है। 23 जून की रात को 10 बजे चोरों ने कार्यालय का ताला तोड़कर 60 कट्टे सीमेंट, मोटर, सरिया, ऑफिस की कुर्सियां चोरी कर ली।

## किसानों को नहीं मिल रही है पर्याप्त बिजली, आंदोलन की दी चेतावनी

# धान रोपाई में बिजली कटौती बनी बाधक, 10 घंटे सप्लाई की मांग

धान की रोपाई के लिए ईंजन व ट्रेक्टर आदि की मदद से सिंचाई करके खेत तैयार कर रहे जिले के किसान, उठा रहे भारी नुकसान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर**

जिले में पिछले एक पखवाड़े से धान की रोपाई जोरों पर है। लेकिन पर्याप्त बिजली न मिलने से किसान परेशान हैं। किसानों को धान की रोपाई करने के लिए खेतों में ईंजन व ट्रैक्टरों आदि से पानी भरना पड़ रहा है। किसानों ने सरकार से धान रोपाई के समय रोजाना दिन में कम से सिंचाई करने के लिए नलकूपों पर कम से कम दस घंटे बिजली सप्लाई दिए जाने की मांग की। वहीं, भाकियू(चढूनी) ने धान की रोपाई के समय किसानों को रोजाना दस घंटे बिजली सप्लाई नहीं दिए जाने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में धान की खेती शुरू हो गई है। सरकार किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं देकर परेशान करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार किसानों की मांगो को नहीं मानेगी तो आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।



यमुनानगर। खेतों में लगाई धान पानी दिए जाने की बाट जोहते हुए फोटो : हरिभूमि

### धान को रोपाई का कार्य जोरों पर

सरकारी आदेशानुसार किसानों ने जिले में गत 15 जून से धान की रोपाई शुरू कर दी है। खास बात यह है कि आजकल जिले में धान की रोपाई का कार्य जोरों पर है। वहीं, आसमान से आग टपक रही है और बारिश नहीं हो रही है। किसानों को लगा था कि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी प्री-मानसून जल्द आ जाएगा और धान की फसल को लाभ मिलेगा। लेकिन न तो अभी तक प्री-मानसून ही आया और ना ही किसानों को पर्याप्त बिजली मिल रही है। अलबत्ता जिन किसानों ने धान की रोपाई कर दी गई है वह उसे सूखे से बचाने में लगे हैं। जबकि अन्य किसान धान की रोपाई करने के लिए ईंजन व ट्रैक्टर आदि की मदद से सिंचाई करके खेत तैयार करने में लगे हैं। जिससे न केवल धान का रकबा घटेगा, बल्कि किसानों को फसल न होने से काफी नुक्सान उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यदि अगले कुछ दिन में किसानों को धान की सिंचाई के लिए दस घंटे बिजली सप्लाई नहीं दी तो यूनियन आंदोलन करेगी।

### ईंजन चलाकर कर रहे हैं धान की रोपाई

किसान राधेश्याम, बलबीर सिंह , गुरमुख सिंह, संतोष कुमार, सुरेश पाल व संदीप आदि ने बताया कि बारिश न होना और मात्र दिन में पांच-छह घंटे ही पावर बिजली मिलने से फसलें सूखने लगी हैं। वहीं धान की रोपाई सूचारू रुप से नहीं हो रही है। उनका कहना है कि धान की रोपाई के लिए उन्हें ईंजन आदि चलाने पड़ रहे हैं। जिन पर अधिक खर्च आ रहा है। यदि अगले कुछ दिन में बिजली की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो मजबूरन उन्हें धान की रोपाई बंद करनी पड़ेगी।

### पर्याप्त बिजली सप्लाई नहीं दी तो होगा आंदोलन



भारतीय किसान यूनियन(चढूनी) के जिला प्रधान संजु गुंदयाना का कहना है कि धान की रोपाई के दौरान मौसम गर्म होने के कारण किसानों को खेतों में पानी की अधिक आवश्यकता पड़ रही है। बरसात न होने के कारण किसानों को अपनी धान की फसल के लिए पानी की कमी पड़ रही है। भाजपा सरकार ने गत चुनाव के दौरान किसानों से वादा किया था कि धान की रोपाई के समय कृषि के लिए रोजाना दस घंटे बिजली सप्लाई दी जाएगी। मगर खेतों की सिंचाई के लिए कुल आठ घंटे बिजली दी जा रही है और उसमें भी एक से दो घंटे के कट लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि धान की रोपाई के समय सरकार को चाहिए कि नलकूपों पर कम से कम रोजाना दस घंटे बिजली सप्लाई दें। गुंदियाना ने कहा कि सरकार जब रोजाना उद्योगों को 24 घंटे बिजली दे रही है तो अन्नदाता किसानों को धान की फसल की सिंचाई के लिए दस घंटे बिजली सप्लाई क्यों नहीं दे रही है।

# मौसम में उमस व गर्मी की तपिश से झुलसे लोग



यमुनानगर। गर्मी से बचने के लिए नहर में नहाते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

- आमजन तो क्या पशु-पक्षी भी गर्मी से हो रहे हलकान, जिले का तापमान बढ़कर पहुंचा 40 के पार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर**

पिछले एक पंद्रह दिन से जिले में पड़ रही तेज गर्मी की तपिश रविवार को भी जारी रही। आलम यह रहा कि दिन भर मौसम में बनी उमस व तेज गर्मी की तपिश ने लोगों को हलकान रखा। गर्मी का असर बाजारों में भी दिखाई दिया। रविवार को दिन भर गर्मी से लोग बेहाल रहे। खास बात यह रही कि रविवार को छुट्टी होने के कारण अधिकांश लोग गर्मी की तपिश से बचने के लिए जहां घरों में दुबके रहे। वहीं, कामकाजी लोगों ने दोपहर के समय नदी, नालों व नहरों में नहाकर या फिर पेड़ों की छांव में बैठकर गर्मी से राहत पाने का प्रयास किया।

रविवार सुबह से ही गर्मी का प्रकोप बढ़ने लगा। दोपहर के दो बजते ही पारा परवान पर चढ़ गया और तापमान बढ़कर अधिकतम 40 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 29 डिग्री के पार पहुंच गया। खास बात यह रही कि मौसम में तपिश होने के साथ उमस ने लोगों को ज्यादा हलकान किया। दोपहर 12 बजे से लेकर शाम पांच बजे तक बाजार सुनसान पड़े रहे और ग्राहकों की आवाजाही काफी कम रही।

### गर्मी से पशु पक्षी भी हो रहे हलकान

भीषण गर्मी के चलते पशु पक्षी भी गर्मी से राहत पाने के लिए पानी की तलाश में यहां वहां भटकने पर मजबूर हैं। पक्षी कोसों दूर उड़ान भरकर नदी नालों पर पहुंचकर पानी पीकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं तो कई पक्षी पानी में खूब गोते लगाकर गर्मी से राहत पाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं, गर्मी के कारण ठंडे पेय पदार्थो बेचने वालों की बल्ले बल्ले हो गई है। मिल्क बादाम बेचने वाले राम कुमार ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में सेल में एकदम बढोत्तरी हुई है। वहीं आईसक्रीम की भी खूब डिमांड बढ गई है।

# मानव की सोई शक्ति को सत्संग करता जागृतः भारती

- साध्वी वंशिका ने साध संगत को बताया मानव जीवन में सत्संग का महत्व

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर**

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में रविवार को संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संतसंकीर्तन कार्यक्रम में साध्वी वंशिका भारती ने मानव जीवन में सत्संग के महत्व को बताया। मौके पर साध्वी बहनों ने अपने मधुर भजनों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

साध्वी वंशिका भारती ने फरमाया कि मानवीय मन जैसा संग करता है वह उसी का प्रतिरूप हो जाता है। मन के इसी स्वभाव को ध्यान में रखते हुए हमारे संतों महापुरुषों ने सत्संग का विधान बताया है। क्योंकि विषय वासनाओं एवं कुविचारों से भरे मन के लिए सत्संग एक मृत संजीवनी औषधि के समान है जो एक अस्वस्थ मन को भी पूर्णतः स्वस्थ व निरोग बना देती है। भारतीय ऋषि मुनियों ने सत्संग को आत्मोन्नति का सबसे सरल और प्रभावशाली मार्ग बताया है। सत्संग का अर्थ केवल संतों के पास बैठना नहीं है। बल्कि सत्य के संग में रहना है। सत्संग मनुष्य के भीतर सोई हुई विवेक शक्ति को जागृत करता है और सहज रूप से ही प्रेम,करुणा, धैर्य, क्षमा और सेवा जैसे दिव्य गुणों का विकास करता है। साध्वी वंशिका भारती ने कहा कि हमारा मन जिस वातावरण में रहता है। उसी के अनुसार ढल जाता है। यदि संग विषय वासनाओं का होगा तो मन संसार की ओर भागेगा। यदि संतों भक्तों का संग होगा तो वही मन परमात्मा की ओर अग्रसर हो जाएगा। आज के समय में जब तनाव, प्रतिस्पर्धा और मानसिक अशांति बढ़ रही है। सत्संग केवल धार्मिक आयोजन नहीं अपितु मानसिक, नैतिक और आध्यात्मिक विकास का एक प्रभावी माध्यम है।



यमुनानगर। संकीर्तन कार्यक्रम में प्रवचन करते हुए साध्वी भारती। फोटो : हरिभूमि

# राष्ट्र निर्माण व जनभागीदारी की मन की बात से मिलती है प्रेरणा : बहमनी

- मेयर सुमन ने कार्यकर्ताओं के साथ सुना मन की बात कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर**

शहर के बूथ नंबर 110 के शिव शक्ति केंद्र पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेयर सुमन बहमनी ने कार्यकर्ताओ के साथ बैठक प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी।

मेयर ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम देशवासियों को समाज, संस्कृति, पर्यावरण और राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का बोध कराता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देश के विभिन्न हिस्सों में जनभागीदारी से किए जा रहे प्रेरणादायी कार्यों, समाजसेवा, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण, और विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने वाले प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ऐसे उदाहरण यह सिद्ध करते हैं कि जब नागरिक स्वयं आगे बढ़कर समाजहित में कार्य करते हैं तो देश की प्रगति को नई गति मिलती है।



यमुनानगर। मन की बात को सुनते हुए मेयर सुमन बहमनी व अन्य कार्यकर्ता।



### लाडवा वृद्धाश्रम में भाविप ने भेंट किए चार पंखे

**रादौर।** भारत विकास परिषद रादौर ने परिषद के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश की जयंती के अवसर पर वृद्धाश्रम लाडवा में वृद्धजनों की सुविधा के लिए चार पंखे भेंट किए। इस दौरान परिषद के सदस्यों ने वृद्धाश्रम में रह रहे सभी वृद्धजनों को भोजन भी करवाया गया। परिषद शाखा रादौर के अध्यक्ष ललित माटिया ने बताया वृद्धजनों के साथ सदस्यों ने कुछ समय व्यतीत कर बुजुर्गों के अनुभव प्राप्त किए और उनका आर्शीवाद लिया। उन्होंने बताया कि आजकर भीषण गर्मी पड़ रही है। जिसे देखते हुए परिषद ने वृद्धजनों की सेवा को समर्पित वृद्धाश्रम में चार पंखे भेंट किए। जिससे गर्मी के मौसम में वृद्धजनों को राहत मिल सके। शाखा अध्यक्ष ललित माटिया ने बताया कि परिषद के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश ने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित कर दिया। मौके पर डॉ. सतीश कांबोज, विनोद गर्ग, कोषाध्यक्ष कुलदीप गुप्ता, गतिविधि संयोजक संजय कांबोज, राजकुमार पुजारा, डॉ. बिमल गर्ग, अनीता पुजारा, इन्द्रजीत सिंह, प्रदीप चौधरी, सोम चोपड़ा, संजय बंसल, अनुज अग्रवाल, प्रमोद गर्ग, नीतू चौपड़ा, प्रीत गर्ग, करिश्मा कांबोज, ममता बंसल आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार करना जरुरीः देवाशीष

- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर किया जा रहा है 45 दिवसीय शिविर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर**

जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के तत्वावधान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर चल रहा शिविर रविवार को भी जारी रहा। शिविर का आयोजन विभागाध्यक्ष उपासना सूद व असिस्टेंट प्रोफेसर रवि क्वात्रा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

शिविर में कोडरॉइडहब प्राईवेट लिमिटेड अंबाला के निदेशक देवाशीष ने आज विद्यार्थियों को उद्योग की नवीनतम तकनीकों से अवगत करवाया गया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग के व्यावहारिक एवं औद्योगिक अनुप्रयोगों से परिचित कराना रहा। वहीं, विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार करना है। प्रथम मॉड्यूल डाटा कलेक्शन डाटा इंजीनियरिंग के अंतर्गत विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



रादौर। कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### समाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज ने प्रधान संदीप सैनी को किया सम्मानित



**रादौर।** ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज द्वारा पांवटा साहिब में समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आल इंडिया सैनी सेवा समाज द्वारा समाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आल इंडिया सैनी सेवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सिंह सैनी ने की। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सिंह सैनी ने कहा कि सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी पिछले कई वर्षों से समाज के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में उन्होंने सैनी बंधुओं को एकजुट कर कई कल्याणकारी योजनाएं चलाईं। बेटियों की शिक्षा, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की मदद व समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ उनकी आवाज हमेशा सबसे आगे रही है। संदीप सैनी का नेतृत्व ही वह प्रेरणा है जिससे समाज आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। मौके पर सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी ने कहा कि यह सम्मान उनका व्यक्तिगत नहीं है। बल्कि पूरे सैनी समाज का है। उन्होंने संकल्प लिया कि वह इसी निष्ठा और समर्पण के साथ समाज सेवा करते रहेंगे और आने वाली पीढ़ी को शिक्षित, संगठित और सशक्त बनाएंगे। सम्मान समारोह में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, युवा साथी मौजूद रहे।

# पांच वर्षीय बच्चों को बूथ पर अवश्य पिलाएं पोलियो की दो बूंद : अरोड़ा

- विधायक अरोड़ा ने बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाकर अभियान का किया शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर**

जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा रविवार को शहर के गांधी नगर स्थित यूपीएचसी में कार्यक्रम आयोजित कर तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि के रुप में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। मौके पर कार्यवाहक सिविल सर्जन डॉ. दिव्या मंगला, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. पुनित कालडा व उप सिविल सर्जन डॉ. चारू कालडा आदि मौजूद रहे।

विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि वर्ष 2011 से हमारा देश पोलियो मुक्त है। क्योंकि इसके बाद से कोई भी पोलियो का केस भारतवर्ष मे नही मिला है। लेकिन हमारे दो पड़ौसी देश पाकिस्तान व अफगानिस्तान मे पोलियो के केस मिल रहे हैं। इसलिए हमे सचेत रहने की आवश्यकता है। उन्होने आमजन से अपील की है कि वह अपने 5 वर्ष तक के बच्चो को अपने निकटवर्ती बूथ पर जाकर पोलियो की दो बूंद आवश्य पिलाएं। ताकि कोई भी बच्चा पोलियो जैसी भयावह बिमारी का शिकार न बने।



यमुनानगर। पोलियो की खुराक पिलाकर शुभारंभ करते हुए विधायक। फोटो : हरिभूमि

## मानवाधिकार आयोग के स्पेशल मॉनिटर बालकृष्ण ने जिला अस्पताल का किया दौरा

# मरीजों व डाक्टरों के अधिकारों का रखें ध्यानः गोयल

जेल में महिला बंदियों को दी जा रही सुविधाओं व सही खाना व दवाई का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर**

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्पेशल मॉनिटर बालकृष्ण गोयल ने रविवार को जिला में नागरिक अस्पताल, जिला जेल और बच्चों के देख रेख के लिए चल रहे संस्थान बाल कुंज में औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नागरिक अस्पताल में मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का आकलन किया और अस्पताल के संबंधित डॉक्टरों को नागरिकों को अच्छी प्रकार से सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने डाक्टरों की बैठक भी ली। आयोग के स्पेशल मॉनिटर बालकृष्ण गोयल ने कहा कि नागरिक अस्पताल में मरीजों के अधिकारों के साथ साथ नागरिक अस्पताल के सभी डॉक्टरों और नर्सों के अधिकारों का भी ध्यान रखा जाए। इस दौरान उन्होंने डाक्टर्स व नर्सों को मरीजों को अपनी सेवाएं अच्छी प्रकार से दिए जाने के निर्देश दिए। इसके बाद आयोग के स्पेशल मॉनिटर बालकृष्ण गोयल जिला जेल में पहुंचे। उन्होंने जेल में महिला बंदियों को दी जा रही है सुविधाएं, जेल में चल रहे क्रैच सेंटर, बंदियों को सही खाना व दवाई उनके साथ व्यवहार आदि का निरीक्षण किया। मौके पर जिला जेल अधीक्षक सत्येंद्र कुमार ने बताया कि इस समय जेल में लगभग 1100 बंदी है। उन्होंने बंदियों से संबंधित सभी रिकॉर्ड बारे आयोग के स्पेशल मॉनिटर को जानकारी दी जेल के निरीक्षण के बाद बालकृष्ण गोयल चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन बालकुंज में पहुंचे और वहां पर रह रहे बच्चों को दी जा रही सुविधाओं का आंकलन किया। बच्चों से संबंधित सभी रिकॉर्ड देखे गए और मौके पर मौजूद बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अशोक रोहिल्ला, सदस्य सुशील कुमार गुलाटी और जिला बाल संरक्षण समिति से मौजूद गुरप्रीत सिंह और प्रीति प्रोटेक्शन ऑफिसर से संस्था की गतिविधियों और बच्चों की दी जा रही सुविधाओं की रिपोर्ट ली। स्पेशल मानिटर बाल कृष्ण गोयल ने बताया कि सभी संस्थाओं के कार्य संतोषजनक हैं।



यमुनानगर। निरीक्षण के दौरान रिकार्ड की जांच करते हुए आयोग के स्पेशल मानिटर बाल कृष्ण गोयल।

## खबर संक्षेप



### रोटरी क्लब को भेंट किए दो कंप्यूटर

**शाहबाद।** रोटरी क्लब शाहबाद मारकंडा के प्रधान रोटेरियन डॉ. आर. एस. घुम्मन ने बताया कि रोटेरियन हसन सिंह मेजी तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती हरकिरण कौर मेजी ने क्लब की समाजसेवा एवं शिक्षा संबंधी गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से क्लब को दो कंप्यूटर भेंट किए। रोटेरियन हसन सिंह मेजी द्वारा प्रदान किए गए ये दोनों कंप्यूटर क्लब की विभिन्न सेवा परियोजनाओं एवं सामाजिक कार्यों में उपयोग किए जाएंगे।

### सामुदायिक केंद्र का टेंडर अलॉट होने पर अभिनंदन

**थानेसर।** सेक्टर-30 रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल प्रधान डॉ. केवल कृष्ण, चेयरमैन प्रवीण शर्मा, सदस्य तेजपाल सिंह, सुरेंद्र मोहन शर्मा, बलवान शर्मा तथा हसला के राज्य महासचिव डॉ. तरसेम कौशिक, पार्षद दुष्यंत बक्शी ने सेक्टर में सामुदायिक केंद्र का टेंडर अलॉट होने पर पूर्व राज्य मंत्री श्री सुभाष सुधा का पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। आरडब्ल्यूए के प्रधान डॉ. केवल कृष्ण ने कहा कि पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा के मार्गदर्शन एवं प्रयासों से सेक्टर-30 का निरंतर सर्वांगीण विकास हो रहा है।

### ईश्वर से मिलन का एकमात्र मार्ग गुरु की शरण : शक्तिदेव

**थानेसर।** अमीन रोड स्थित जय ओंकार आश्रम में रविवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन हुआ। इस इस दौरान श्रीश्री 1008 सदगुरुदेव स्वामी शक्ति देव महाराज कुरड़ी वाले व श्रीश्री 1008 सदगुरुदेव स्वामी संदीप ओंकार महाराज द्वारा भगवान श्रीब्रह्मासिद्ध पीठ् पर स्थापित भगवानश्री ब्रह्मा जी, वेदमाता गायत्री व जगतमाता ब्रह्मणी जी का विधिवत मंत्रौचारण के साथकन्या पूजन कर भंडारे का श्री गणेश किया गया इस अवसर पर महाराज श्री जी के द्वारा विद्वान ब्राह्मणों का भी पूजन किया गया।

## कश्यप राजपूत भवन के 46वें स्थापना दिवस पर राज्य स्तरीय सम्मान समारोह

# समाज की वास्तविक शक्ति उसके शिक्षित और संस्कारित युवा : डॉ. अरविंद शर्मा

### 230 मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कश्यप राजपूत भवन, कुरुक्षेत्र के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेशभर के 230 मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक, महिलाएं, युवा एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधायक रामकुमार कश्यप, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा तथा चेयरमैन सुभाष कलसाना भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समारोह की अध्यक्षता कश्यप राजपूत सभा 25 के प्रधान राजबीर कश्यप ने की। मुख्य अतिथि डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक शक्ति उसके शिक्षित और संस्कारित युवा होते हैं। उन्होंने कहा कि जो समाज शिक्षा को प्राथमिकता देता है, वही विकास के नए आयाम स्थापित करता है। उन्होंने कश्यप राजपूत भवन द्वारा शिक्षा और सामाजिक एकता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए भवन के विकास एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए 21 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। साथ ही समाज की ओर से रखी गई अन्य मांगों को भी पूरा करने का आश्वासन दिया। प्रधान राजबीर कश्यप ने कहा कि कश्यप राजपूत भवन पिछले 46 वर्षों से समाज को संगठित करने, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने तथा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।



कुरुक्षेत्र। मेधावी बच्चों को सम्मानित करते कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।



कुरुक्षेत्र। मेधावी बच्चों को सम्मानित करते पूर्व मंत्री सुभाष सुधा।

#### सम्मान समारोह आगे बढ़ने की देते प्रेरणा

पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने शिक्षा, संगठन और संस्कार को समाज की उन्नति का आधार बताते हुए युवाओं से नशे और सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि समाज की एकता उसकी सबसे बड़ी ताकत है और ऐसे सम्मान समारोह युवाओं में आगे बढ़ने की नई प्रेरणा देते हैं। वहीं चेयरमैन सुभाष कलसाना ने आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कारों और संस्कृति से जुड़े रहने पर बल दिया। समारोह के दौरान विभिन्न बोर्ड एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। अंत में समाज की एकता, शिक्षा और सर्वांगीण विकास के संकल्प के साथ समारोह का समापन हुआ।

## 40 लाख की रेड लाइट परियोजना शुरू होने से बदलेगी ट्रैफिक व्यवस्था



शाहबाद। रेड लाइट्स की शुरूआत करते चैयरमेन सुभाष कलसाना।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

शहर में लगातार बढ़ते यातायात को सुव्यवस्थित करने की दिशा में नगरपालिका ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वार्ड नंबर 10 के अंतर्गत लैंडमार्क चौक और लाडवा चौक पर लगभग 40 लाख रुपये की लागत से आधुनिक ट्रैफिक सिग्नल (रेड लाइट) स्थापित किए हैं। इन रेड लाइटों का शुभारंभ हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना, नगरपालिका प्रधान गुलशन क्वात्रा और पार्षद ईशु सचदेवा ने संयुक्त रूप से किया। उल्लेखनीय है कि इन दोनों व्यस्त चौकों पर रेड लाइट लगाने की मांग सामाजिक एकता मंच द्वारा लंबे समय से प्रमुखता से उठाई जा रही थी। चेयरमैन सुभाष कलसाना ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्य तेज गति से हो रहे हैं और जनता की जरूरतों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि शाहाबाद के इन दोनों प्रमुख चौकों पर रेड लाइट लगने से यातायात अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित होगा तथा सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि सभी ट्रैफिक नियमों का पालन करें, रेड लाइट का सम्मान करें और अपनी तथा दूसरों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

#### ये रहे मौजूद

अवसर पर सचिव बम्बूल सिंह मालिक, कुलवंत सिंह चावला, मंडल अध्यक्ष सुपार्श्व जैन, पार्षद निशा ठकराल, पूर्व प्राचार्य मंजू नारंग, पार्षद दीपक आनंद, सुशील ठकराल , भगवंत सिंह, अधिवक्ता मनदीप रावा, कमित सचदेवा, अभिषेक छाबड़ा, पार्षद रमेश कश्यप, जयनाथ पांडेय, डिंपल अनेजा, विक्की भिंडर, भावना सेठी, सोनिया मेहंदीरत्ता, राजेंद्र गोयल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों को इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करने के लिए करें प्रेरित : डा. त्यागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत /"साइबर सेफ्टी एंड सिक्योरिटी/" विषय पर आचार्यों के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना तथा विद्यालयों में सुरक्षित एवं जिम्मेदार डिजिटल वातावरण के निर्माण के लिए आवश्यक ज्ञान एवं कौशल प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. संजय त्यागी, एसोसिएट प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा जसप्रीत कौर, एचओडी कंप्यूटर साइंस, पीआईईटी संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पानीपत का विद्यालय परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। अपने संबोधन में डॉ. संजय त्यागी ने कहा कि साइबर सुरक्षा आज केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक शिक्षक और विद्यार्थी की दैनिक आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को इंटरनेट का सुरक्षित और नैतिक उपयोग करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। द्वितीय सत्र में जसप्रीत कौर ने साइबर बुलिंग, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर प्रकाश डाला।



### जनसंघर्ष मंच हरियाणा का संयुक्त प्रतिनिधि अधिवेशन संपन्न

**कुरुक्षेत्र।** शहीद भगत सिंह दिशा संस्थान में जन संघर्ष मंच हरियाणा का कुरुक्षेत्र, कैथल एवं करनाल जिलों का संयुक्त प्रतिनिधि अधिवेशन आयोजित किया गया। अधिवेशन की अध्यक्षता मंच के प्रांतीय प्रधान कॉमरेड फूल सिंह ने की, जबकि कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व प्रांतीय प्रधान कॉमरेड पाल सिंह ने किया। मंच संचालन जिला कुरुक्षेत्र के कन्वीनर सुरेश कुमार ने किया। बैठक में आगामी दो वर्षों के लिए कुरुक्षेत्र, कैथल और करनाल की संयुक्त जिला कमेटी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में करनैल सिंह को प्रधान, उषा कुमारी को उपप्रधान, सुरेश कुमार को सचिव, कविता विद्रोही को सहसचिव तथा सोमनाथ को वित्त सचिव चुना गया।

## सीएम के कैंप कार्यालय का आज करेंगे घेराव

### कोर्ट के निर्णयों के अनुरूप सभी कच्चे कर्मियों को नियमित किया जाए: सकसं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राजकीय अनुबंधित अध्यापक संघ के आह्वान पर अतिथि अध्यापक अपनी नियमितीकरण की मांग को लेकर 29 जून को कुरुक्षेत्र स्थित मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कैंप कार्यालय पर प्रदर्शन और मार्च करेंगे। इस आंदोलन को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, महासचिव कृष्ण नैन, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, वरिष्ठ उपप्रधान जरनैल सिंह, उपमहासचिव संदीप सांगवान, प्रचार सचिव गुलशन भारद्वाज और संगठन सचिव जयवीर चहल ने संयुक्त बयान में कहा कि 23 जून से लघु सचिवालय कुरुक्षेत्र में अतिथि अध्यापकों का अनिश्चितकालीन धरना जारी है।

#### ज्ञापन सौंपने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

सरकार को उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा जा चुका है, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट तथा सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों के अनुरूप सभी पात्र कच्चे कर्मचारियों और शिक्षकों को नियमित किया जाना चाहिए। संगठन के नेताओं का कहना है कि सर्व कर्मचारी संघ ने 29 जून के प्रदर्शन में कर्मचारियों और शिक्षकों से बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की है। साथ ही 30 जून से 11 जुलाई तक प्रस्तावित विभिन्न जिला स्तरीय आंदोलनों में भी शामिल होने का आह्वान किया गया है। संगठन ने कहा कि इन आंदोलनों के माध्यम से नियमितीकरण, रिक्त पदों पर भर्ती, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, समग्र चिकित्सा सुविधा और हरियाणा के लिए पृथक वेतन आयोग के गठन सहित अन्य मांगों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।



नरेश कुमार शास्त्री।

## अंडर-13 क्रिकेट में मिनर्वा हाई स्कूल के अनिरुद्ध ने जीते दो बड़े खिताब



**कुरुक्षेत्र।** मिनर्वा हाई स्कूल, कुरुक्षेत्र के लिए गर्व का क्षण तब आया, जब विद्यालय के होनहार छात्र अनिरुद्ध शर्मा (मुदगिल) ने अंबाला में आयोजित अंडर-13 क्रिकेट टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 'बेस्ट बैट्समैन' और 'मैन ऑफ द सीरीज' दोनों प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम कर लिए। कुरुक्षेत्र के निकट स्थित छोटे से गांव उदारसी के इस उभरते क्रिकेटर ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और कड़ी मेहनत के दम पर न केवल अपने विद्यालय, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। अनिरुद्ध की इस उपलब्धि को और भी खास बना दिया, जब उन्हें पुरस्कार कोलकाता नाइट राइडर्स (कुरुक्षेत्र) के आईपीएल खिलाड़ी वैभव अरोड़ा के हाथों प्राप्त हुआ। एक युवा खिलाड़ी के लिए यह सम्मान किसी सपने के सच होने से कम नहीं है और उसके उज्ज्वल भविष्य की ओर मजबूत कदम भी। विद्यालय प्रबंधन ने अनिरुद्ध की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उसकी उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। लगन, समर्पण और निरंतर अभ्यास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है और अनिरुद्ध इसका जीवंत उदाहरण है। इस शानदार सफलता के पीछे कुरुक्षेत्र क्रिकेट एकेडमी के अनुभवी कोच दिनेश यादव का मार्गदर्शन भी महत्वपूर्ण रहा। उनकी देखरेख में अनिरुद्ध ने अपने खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया और यह उपलब्धि हासिल की।

### नशे से दूर रहते हुए खेलों में भविष्य तलाश करें युवा: गीता शर्मा

**पिहोवा।** डीएवी कॉलेज में चल रहा क्रिकेट टूनार्मेंट रविवार को संपन्न हुआ। समापन पर बतौर मुख्यातिथि भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्षा व कष्ट निवारण समिति की सदस्य गीता शर्मा ने हिस्सा लिया। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देते हुए गीता शर्मा ने कहा कि खेलों में उज्जवल भविष्य की अपार संभावना है। युवाओं को नशे जैसी सामाजिक प्रवृत्ति से दूर रहते हुए खेलों में अपना भविष्य तलाशना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरियाणा को सबसे बेहतर खेल नीति दी है। जिसके तहत करोड़ों के पुरस्कार और नौकरियां विजेताओं को दी जा रही हैं। इससे युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह बढ़ा है। सरकार के सहयोग से पिहोवा में भी डेरा फतेह सिंह रोड पर क्रिकेट अकादमी और गांव भेरियां के मिनी खेल स्टेडियम में लगभग 14 करोड रुपए की लागत से इंडोर हाल तैयार किया गया है।

## प्रकाश उत्सव पर आज सजेगा नगर कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धन धन साहिब श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज के प्रकाश उत्सव पर सजाए जाने वाले महान नगर कीर्तन में हजारों की संख्या में संगत शामिल होगी। यह महान नगर कीर्तन 29 जून को कुरुक्षेत्र के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से आरंभ होगा। इस महान नगर कीर्तन में दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और अन्य कई जिलों की संगत शामिल होकर स्वयं को पुण्य का भागीदार बनाएगी। प्रकाश उत्सव समागम के पांचवे दिन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के श्री अखंड पाठ साहिब की दूसरी लड़ी संपूर्ण हुई और तीसरी एवं अंतिम लड़ी का शुभारंभ गुरु चरणों में अरदास के साथ किया गया। इस दौरान भारी गिनती में संगत ने शीश नवा कर गुरु चरणों में सरबत के भले की अरदास की।



#### शहर के विभिन्न रास्तों से होकर गुजरेगा

समागम में प्रतिदिन की तरह रविवार को भी हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा, मैंबर बीबी जसबीर कौर मसाना, मैंबर इंद्रजीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह और सुखजिंदर सिंह मसाना ने अपनी हाजरी भरी। इस दौरान हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के धर्म प्रचार विभाग के उप सचिव अमरिंदर सिंह, फ्लाइंग विभाग कर्मचारी जज सिंह, मैनेजर हरमीत सिंह, सहायक सुपरवाइजर रघुवीर और सुखजिंदर सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा ने बताया कि प्रकाश उत्सव पर 29 जून को महान नगर कीर्तन सजाया जाएगा। यह नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से आरंभ होगा और शहर के विभिन्न रास्तों से होते हुए इसका समापन देर शाम गुरुद्वारा साहिब में ही होगा। जहां संगत रंग बिरंगी आतिशबाजी और पटाखों के साथ नगर कीर्तन का स्वागत करेगी।

## साक्षी में रहते हुए कर्म करें : औलिया

**कुरुक्षेत्र।** श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली, कुरुक्षेत्र के पीठाधीश और समर्थगुरु धारा हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ.मिश्रा ने बताया कि समर्थगुरु धाम, मुरथल, हरियाणा के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया के सान्निध्य में स्पैशल महाजीवन प्रज्ञा और स्पैशल ऊर्जा योग के फीडबैक सेशन में खुशियों से भरे दिव्य उत्सव मनाया गया। संपूर्ण भारत से आये प्रतिभागियों ने अहोभाव प्रकट किया। भक्ति और कृतज्ञता के साथ भगवान की दिव्य ऊर्जा और समर्थगुरु की अनंत कृपा का अनुभव किया। शिकायत से अहोभाव की यात्रा का नाम आध्यात्मिकता है। सच्चे शिष्य अपने समयानुसार चाहें तो समर्थगुरू धाम मुरथल के हरे भरे वातावरण में समर्थगुरु के सान्निध्य में कर सकते है। जो सच्चे शिष्य किसी भी कारण से असमर्थ है तो समर्थगुरू धाम से ऑनलाइन भी कर सकते है। समर्थगुरु धाम, मुरथल, हरियाणा में 10 जुलाई से 12 जुलाई 2026 को अजपा सिद्ध योग कार्यक्रम में संतो की तरह निरोगी रहकर नाद श्रवण के साथ साक्षी में जीने की कला जान पाएंगे। गुरु-शिष्य परम्परा से जुड़कर अपने जीवन को संवारने के लिए 13 जुलाई से 15 जुलाई 2026 को सिद्धार्थ ध्यान योग हो रहा है जिसमें महात्मा बुद्ध की विपस्सना , परमगुरु ओशो और समर्थगुरु की प्रभावशाली ध्यान विधियां, गुरु गोरखनाथ एवं संत कबीर का अजपा, गुरुनानक देव का एक ओंकार सतनाम और महर्षि पतंजलि की समाधि के साथ सांस सांस सुमिरन की कला दी जाएगी। ट्विटर के माध्यम से आदरणीय समर्थगुरू सिद्धार्थ औलिया ने विशेष बताया कि साक्षी का अर्थ है अपने निराकार स्वरूप का बोध रखते हुए कर्म करने का मजा लेना।



## 18 मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

### नारी शक्ति सम्मान एवं छात्र प्रोत्साहन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में मानव मित्र मंडल, कुरुक्षेत्र द्वारा श्री कृष्ण संग्रहालय सभागार में नारी शक्ति सम्मान एवं छात्र प्रोत्साहन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मंडल के संस्थापक ब्रह्मलीन प्रो. राम रतन शर्मा की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. सुदेश जाटीयान (सेवानिवृत्त जिला आयुष अधिकारी) एवं कार्यक्रम अध्यक्षा डॉ. अनुपमा सिंह (सेवानिवृत्त सीएमओ, एलएनजेपी) सहित मंडल के वरिष्ठ सदस्यों ने महारानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली अनेक महिलाओं को नारी शक्ति सम्मान एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही सरकारी विद्यालयों के 18 मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मंडल द्वारा गत माह भी 30 मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि दी गई थी। मुख्य अतिथि डॉ. सुदेश जाटीयान ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के 78 वर्ष बाद भी महिलाओं के साथ अत्याचार और शोषण की घटनाएं चिंता का विषय हैं। कार्यक्रम अध्यक्षा डॉ. अनुपमा सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं में जागरूकता और आत्मविश्वास का संचार करते हैं तथा महारानी लक्ष्मीबाई का शौर्य और पराक्रम आज भी नारी शक्ति के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। कार्यक्रम में छात्राओं प्रीति, सानवी और चंचल ने नारी सशक्तिकरण पर प्रभावशाली कविताएं प्रस्तुत कीं।



स्वास्थ्य | डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने लगाया जांच शिविर

# 114 लोगों ने उठाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ, विशेषज्ञ डॉक्टरों ने दिया स्वस्थ जीवन का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, कुरुक्षेत्र के सौजन्य से श्री सनातन धर्म मंदिर परिसर में निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श और जांच सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा। शिविर में 114 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ. हिमांशु जैन ने मस्तिष्क, रीढ़ की हड्डी एवं नसों से संबंधित रोगों के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि समय पर जांच और सही चिकित्सकीय परामर्श से अनेक गंभीर बीमारियों का प्रभावी उपचार संभव है। उन्होंने लोगों से किसी भी बीमारी के लक्षणों की अनदेखी न करने और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने का आग्रह किया।



कुरुक्षेत्र। शिविर में मौजूद चिकित्सक।

#### स्वस्थ नागरिक किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं : सुधा

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि स्वस्थ नागरिक किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। उन्होंने कहा कि निःशुल्क चिकित्सा शिविर केवल उपचार का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। उन्होंने डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, डॉ. हिमांशु जैन और डॉ. संजय शर्मा द्वारा किए जा रहे जनसेवा कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान श्री सनातन धर्म मंदिर प्रबंधन समिति एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने मुख्य अतिथि, चिकित्सकों और उनकी टीम का सम्मान किया। शिविर को सफल बनाने में पार्षद मुकुन्दलाल सुधा, पार्षद प्रेमनारायण अवस्थी, श्याम जुनेजा, पंडित सोनू भारद्वाज, कृष्ण लाल अरोड़ा, प्रवीण ढींगरा, ललित, गौरव जुनेजा, अशोक भारद्वाज, विपिन गुप्ता सहित समिति के पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों एवं स्थानीय नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### घर से 12 हजार रुपये की नकदी चोरी

**अंबाला।** अंबाला शहर के मनमोहन नगर के रहने वाले चांद राम के घर से चांदी का कंगन, पाजैब, करीब डेढ़ तोले सोने का सेट और घर से 12 हजार रुपए की नकदी चोरी हो गई। चांद राम ने बताया कि वह मजदूरी करता है और 22 जून की सुबह 8 बजे बेटे जीतराम के साथ पंजाब गया था और 25 जून को वापस लौटे तो घर का मुख्य गेट बंद मिला और कमरों के साथ-साथ लोहे की पेटी व संदूक के ताले टूटे थे और सामान बिखरा पड़ा था। इसके अलावा नकदी व जेवरात चोरी थे।

### देशी पिस्टल व 4 जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते मोटरसाइकिल सवार युवक को अवैध देशी पिस्टल और चार जिंदा कारतूस के साथ रंगे हाथों काबू किया है। आरोपी की पहचान गुरदीप सिंह उर्फ हर्ष, निवासी गांव बुढ़ा खेड़ा के रूप में हुई है।जांच टीम को पुख्ता जानकारी मिली थी कि एक युवक अवैध हथियार के साथ नारायणगढ़ क्षेत्र में घूम रहा है और किसी बड़ी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने बिना वक्त गंवाए मारकंडा नदी गांव गधोली क्षेत्र के नजदीक तुरंत रणनीतिक नाकाबंदी की। नाकेबंदी के दौरान टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए बाइक सवार संदिग्ध को घेराबंदी कर दबोच लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस बरामद हुए।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेश नगर पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते चोरी की वारदात को सुलझा लिया है। पुलिस टीम ने चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया सारा सामान बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपियों की पहचान मनीष कुमार उर्फ मन्नी तथा गौरव वासी गणेश विहार, शिवपुरी कॉलोनी, टांगरी बांध के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता दीपक कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया था कि चोरों ने उनके प्लॉट में खड़े एक ट्रक से दो बड़ी बैटरियां और इनवर्टर की मोटर चोरी कर ली हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू की थी।

### पंद्रह विद्यालयों के 250 शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण

**बराड़ा।** नई शिक्षा नीति-2020 के आधुनिक मानकों पर आधारित दो दिवसीय शिक्षण क्षमता संवर्धन कार्यशाला का रविवार को डीएवी पब्लिक स्कूल में समापन हुआ। कार्यशाला का आयोजन क्षेत्रीय निदेशक डॉ. विकास कोहली के कुशल मार्गदर्शन तथा विद्यालय की प्राचार्या अनुजा भारद्वाज के नेतृत्व एवं उत्कृष्ट प्रबंधन में संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में क्षेत्र के 15 प्रतिष्ठित डीएवी विद्यालयों के 250 से अधिक शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें पुलिस डीएवी स्कूल, अंबाला सिटी, सोहन लाल डीएवी स्कूल, आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल, केपीएके महाविद्यालय, डीएवी नारायणगढ़, डीएवी साढौरा, डीएवी रादौर, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल यमुनानगर, तथा मॉडल टाउन डीएवी स्कूल सहित अन्य विद्यालयों के शिक्षक शामिल रहे।

भवन के प्रथम तल निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

# आश्रम का विस्तार होने से जरूरतमंदों को मिलेगी और बेहतर सुविधाएं: असीम

**अपना घर आश्रम में पहुंचे पूर्व मंत्री बोले- ऐसे सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने रविवार को अंबाला शहर स्थित "ज्ञान भवन" अपना घर आश्रम का दौरा कर यहां संचालित मानव सेवा कार्यों की सराहना की। आश्रम पहुंचने पर प्रबंधन समिति एवं पदाधिकारियों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर असीम गोयल ने आश्रम में रह रहे मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों एवं अपने परिजनों से बिछड़े लोगों से आत्मीयता के साथ मुलाकात की। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति के पास जाकर उनका हालचाल जाना, उन्हें गले लगाकर स्नेह व्यक्त किया तथा उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं सुखद जीवन की कामना की। इस भावुक पल ने वहां उपस्थित सभी लोगों को भावविभोर कर दिया। गौरतलब है कि ज्ञान भवन अपना घर आश्रम में उन लोगों को निशुल्क आश्रय, भोजन, चिकित्सा एवं देखभाल उपलब्ध करवाई जाती है, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं, लावारिस अवस्था में मिले हैं अथवा किसी कारणवश अपने परिवार से बिछड़ गए हैं। आश्रम प्रबंधन ऐसे लोगों के उपचार के साथ-साथ उनके परिजनों की तलाश कर उन्हें पुनः परिवार से मिलाने के लिए भी निरंतर प्रयास करता है। यह संस्था निस्वार्थ भाव से मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। इस दौरान आश्रम परिसर में बनने वाले प्रथम तल के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास भी किया गया। असीम गोयल ने कहा कि आश्रम का विस्तार होने से अधिक जरूरतमंद एवं असहाय लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी, जो समाज के लिए अत्यंत सराहनीय पहल है।


अंबाला। अपना आश्रम घर में रहने वालों से मिलते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल। फोटो: हरिभूमि

### सेवा भावना समाज के लिए प्रेरणादायक

*अपने संबोधन में असीम गोयल ने कहा कि जो लोग समाज के सबसे कमजोर, असहाय एवं बेसहारा वर्ग की सेवा में अपना जीवन समर्पित करते हैं, वे वास्तव में मानवता की सबसे बड़ी मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि अपना घर आश्रम केवल एक संस्था नहीं, बल्कि उन लोगों के लिए परिवार है जिन्हें परिस्थितियों ने अपनों से दूर कर दिया है। उन्होंने आश्रम संचालकों, चिकित्सकों, कर्मचारियों एवं सेवाभावी स्वयंसेवकों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका समर्पण और सेवा भावना पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समाज के सक्षम लोगों को भी ऐसे सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर सहयोग करना चाहिए ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति उपेक्षित न रहे। इस दौरान जनसेवा के लिए समर्पित नई एंबुलेंस की भी शुरुआत की गई। इस अवसर पर मनोहर लाल सचदेवा, नरेश अग्रवाल, एच एस गि, इंजीनियर बलबीर सिंह, श्रीमती राज गर्ग अन्य गणमान्य मौजूद रहे।*


अंबाला। कार्यक्रम में मौजूद युवा व बच्चे। फोटो: हरिभूमि

# जीवन में आगे बढ़ने के लिए आलस के कीड़े का करना होगा ऑपरेशन

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय युवाओं के लिए आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय में युवाओं के लिए विशेष युवा शक्ति राइज शाइन और नेतृत्व विषय पर विशाल भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। यह कार्यक्रम अंबाला सब जोन निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी के मार्गदर्शन में किया गया। चंडीगढ़ से सबके बीच पधारे मुख्य वक्ता राजयोगी भ्राता ब्रह्माकुमार अरुण भाई ने कहा हमारे अंदर आलस का न जागने का और कंफर्ट जोन का कीड़ा है। जब तक हम इस कीड़े का ऑपरेशन नहीं करते तब तक हम राइज नहीं कर सकते। राइज का सबसे पहला प्रश्न यही है कि हमें अपने आप से मिलना है। उन्होंने कहा कि जीवन में अनुशासन नहीं होगा तो कुछ भी प्राप्त नहीं कर सकते। अनुशासन ही सफलता की नींव है। हम अपने जीवन में जो सपना देखते हैं उसे हम अनुशासित होकर दृढ़ निश्चय रखने से ही प्राप्त कर सकते हैं। आध्यात्मिक ध्यान और सकारात्मक सोच से ही आंतरिक शक्ति मिलती है। सोचना ही सबसे पहला कदम हैं अपनी लाइफ में शाइन करने का। अपने भीतर की शक्ति को जगाओ, बदलाव का नेतृत्व करो, और एक बेहतर कल का निर्माण करो/"। भविष्य उन्हीं का है जो अपने सपनों की सुंदरता पर विश्वास करते हैं। कहा कि आप जो प्रयास, मेहनत और सकारात्मक ऊर्जा लगाते है।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार आशीष कुमार ने कहा हमें अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए ठोकर खाना बेहद आवश्यक है। ठोकर खाकर ही हम अपने जीवन में आने वाले चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। जीवन में आने वाली परिस्थितियों का सामना करके ही हम अनुभवी बनते हैं। उन्होंने सभी युवाओं से आग्रह किया की अपना समय व्यर्थ ना गंवाए, कुछ ना कुछ कार्य अवश्य करते रहे। कार्यक्रम में डॉक्टर अनमोलिका , बीजेपी युवा मोर्चा महामंत्री संदीप , कारोबारी स्वतंत्र व राकेश गुप्ता, मोटिवेशनल स्पीकर राकेश मेहता,रिटायर्ड प्रिंसिपल पवन शर्मा भी मौजूद रहे।

# भामाशाह जयंती पर लगाई छबील

- प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

गांव रामपुर थंबड़ (निकट सीवन माजरा) स्थित दानवीर सेठ भामाशाह चौक पर रविवार को अग्रवाल समाज अधोया द्वारा दानवीर सेठ भामाशाह की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर राहगीरों और श्रद्धालुओं के लिए जलजीरा की छबील लगाकर सेवा कार्य किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने भामाशाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि दानवीर भामाशाह का त्याग, राष्ट्रभक्ति और समाज सेवा का जीवन आज भी सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने महाराणा प्रताप और भामाशाह की अमर मित्रता तथा राष्ट्रहित में उनके योगदान को भी याद किया। इस अवसर पर मंडल के मीडिया प्रभारी बृजेश बंसल ने मनदीप राणा को पटका पहनाकर एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। उनके साथ आए सभी अतिथियों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री विवेक गुप्ता, मंडल अध्यक्ष डिंपल राणा, सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहतास राणा, मनीष मित्तल मौजूद रहे।


बराड़ा। भामाशाह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित भाजपा के जिलाध्यक्ष व अन्य।

# ज्ञान मुनि बने महर्षि मारकंडा मंदिर उदासीन आश्रम के महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

महर्षि मारकंडा मंदिर उदासीन आश्रम ग्राम हरियोली नगला जट्टान में रविवार को आश्रम के ब्रह्मलीन महंत श्री जयंती दास महाराज की पावन स्मृति में श्रद्धांजलि सभा एवं 17वें भंडारे का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। उल्लेखनीय है कि महंत जयंती दास महाराज 12 जून 2026 को ब्रह्मलीन हो गए थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन के परम पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश महाराज ने की। इस अवसर पर खड़दर्शन एवं उदासीन भेख के संत-महात्माओं तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा के दौरान महंत जयंती दास महाराज की लिखित इच्छा एवं उदासीन परंपरा के अनुसार सर्वसम्मति से उनके शिष्य गुरजीत सिंह उर्फ ज्ञान मुनि को महार्षि मारकंडा मंदिर उदासीन आश्रम का नया महंत स्वीकार किया गया।


बराड़ा। महर्षि मारकंडा मंदिर उदासीन आश्रम के नए महंत ज्ञान मुनि।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर परम पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश (प्राचीन अवधूत मंडल आश्रम, हरिद्वार), महामंडलेश्वर स्वामी अरुण दास , स्वामी दामोदर सारण , कोठारी महेश मुनि , कोठारी जसविंदर सिंह , महंत गुरविंदर सिंह , कोठारी राघवेंद्र दास (हरिद्वार) सहित उदासीन साधु समाज, उदासीन भेख के संत-महात्मा एवं नगर पंचायत के गणमान्य श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर ब्रह्मलीन महंत जयंती दास जी महाराज को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# 'भगवान परशुराम धर्म की रक्षा के प्रतीक'

- भगवान परशुराम चौक का शिलान्यास समारोह श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

न्यूयॉर्क पैलेस के निकट रविवार को सर्व समाज के सहयोग से भगवान परशुराम चौक का शिलान्यास समारोह श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने मुख्य अतिथि तथा भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप सिंह राणा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। वैदिक मंत्रोच्चार एवं भगवान परशुराम के जयघोष के बीच चौक की आधारशिला रखी गई। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम न्याय, ज्ञान, अनुशासन और धर्म की रक्षा के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि यह चौक केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, संस्कार और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा का प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विकास ही विकसित भारत की मजबूत नींव है। अवसर पर अपने 'नमो शक्ति रथ' अभियान का भी उल्लेख करते हुए महिलाओं में स्तन कैंसर की निशुल्क जांच एवं जागरूकता अभियान की जानकारी दी।


बराड़ा। भगवान परशुराम चौक का शिलान्यास करते सांसद कार्तिकेय शर्मा।

**ये रहे मौजूद**

भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप सिंह राणा ने कहा कि भगवान परशुराम के आदर्श समाज को एकता, न्याय और संस्कार का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि यह चौक क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत करेगा तथा नई पीढ़ी को प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर विवेक शर्मा, डॉ. कुलदीप शर्मा एवं प्रदीप गोसाई ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष डिंपल राणा, जिला उपाध्यक्ष सतपाल प्रकाश बिंजलपुर, रमेश पाल नोहनी, कुलराज शर्मा, हरीश शर्मा, विवेक गुप्ता, संजय शर्मा, मोहित शर्मा मणका, अशोक शर्मा, हनी पाहवा, रिचा पाहवा सहित सर्व समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# युवाओं ने ठण्डी-मिठ्ठी लस्सी से बुझाई राहगीरों की प्यास

- सभी को गर्मी के मौसम में ऐसे सामाजिक कार्य करने चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

झुलसाने वाली गर्मी से राहगीरों को निजात दिलाने के उद्देश्य से रविवार को गांव बरसुमाजरा में युवा एकता शक्ति संगठन के सदस्यों ने डेहर-अंबली रोड बरसुमाजरा पर ठण्डी मिठ्ठी लस्सी की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाई।संगठन के दर्जनों सदस्यों ने लस्सी पीलाकर राहगीरों की सेवा की।

संगठन के सदस्यों ने बताया कि युवा एकता शक्ति संगठन द्वारा हर वर्ष जून के माह में लस्सी की छबील लगाई जाती है। सभी सामाजिक संगठनों को गर्मी के मौसम में ऐसे सामाजिक कार्य करने चाहिए।



# नप ने सफाई का टेंडर कैंसिल किया, नए टेंडर की प्रक्रिया प्रारंभ

**अंबाला।** नगर परिषद की सफाई व्यवस्था में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की संख्या में गड़बड़ी उजागर होने के बाद कैंट नगर परिषद ने ठेकेदार पर कार्रवाई की है। परिषद ने पुराने ठेकेदार का टेंडर रद्द कर दिया है। अब नए सिरे से टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस बार शहर की सफाई व्यवस्था के लिए 15 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का ठेका दिया जाएगा। बता दें कि 19 अप्रैल को ईओ ने सफाई के काम में लगाई गई ट्रॉलियों की जांच की थी। इस दौरान परिषद के रिकॉर्ड में 25 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां दर्शाई गई थीं, जबकि मौके पर केवल 13 ही मिली थीं। कई ट्रॉलियों पर नंबर तक दर्ज नहीं थे और कुछ के चालक भी अनजान पाए गए थे। जांच रिपोर्ट में सामने आया था कि करीब 34.70 लाख रुपये के भुगतान का मामला भी सवालों के घेरे में है। इसके बाद नगर परिषद ने पहले संबंधित एसआई को हटाया और अब ठेकेदार के खिलाफ भी कार्रवाई की है।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**कार्यक्रम** मंत्री अनिल विज ने शहरवासियों के साथ सुना कार्यक्रम, पीएम की जमकर की तारीफ

# प्रधानमंत्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम देश के 140 करोड़ लोगों को आपस में जोड़ने का कर रहा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम देश के 140 करोड़ लोगों को आपस में जोडने का काम करता है। विज रविवारो बीपीसी जैन पब्लिक स्कूल अंबाला छावनी में आयोजित 135वीं मन की बात कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे थे। इससे पहले उन्होंने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम शहरवासियों के साथ सुना। विज ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम 140 करोड़ लोगों को आपस में जोडकर सारे देश में नए आयाम स्थापित कर रहे है। उसे यहां पर दिखाने का काम किया जाता है। इसके साथ-साथ कहां कहां पर हमारे अनसंग हीरो ने जो कार्य किए है जिसकी किसी ने कभी प्रंशसा नहीं की, उन्हें भी लोगों के सामने लाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले तो देश केवल दिल्ली ही होता था लेकिन मोदी ने सभी जगहों का भ्रमण करते हुए यह जानने का प्रयास किया है कि किन-किन परिस्थितियों में लोग क्या-क्या कर रहे हैं। उसके बारे में बताया जा रहा है और नवनिर्माण हो रहा है उसे बताया जा रहा है। मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से नवाचार व अंधविश्वास के बारे लोगों को जागृत करने का काम किया हैं।


अंबाला। पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम में हिस्सा लेते मंत्री अनिल विज।

**रेखांकित किया पीएम मोदी का विजन**

कैबिनेट मंत्री ने इस मौके पर यह भी कहा कि मोदी ने नालंदा विश्विद्यालय जहां पहले दुनियाभर से स्कॉलर शिक्षा लेने आते थे, हालाकि बाद में कुछ आक्रमणकारियों ने इसके महत्व को न समझते हुए इसे तहस नहस कर दिया था। मगर नालंदा विश्वविद्यालय का सारी दुनिया में अब भी नाम हैं। इसी प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमें प्लास्टिक के दुरुपयोग के बारे में बताया है। उन्होंने कहा कि हमारा देश भी विदेशों की तरह चमक सकता हैं। इसके लिए हमें प्लास्टिक पर नियंत्रण करना होगा। प्लास्टिक एक ऐसी चीज है जो न तो गलती है, न सड़ती है बल्कि पानी की निकासी में समस्या उत्पन्न करती हैं। मोदी ने कार्यक्रम के माध्यम से कई चीजों की ओर ध्यान आकर्षित किया है। कुछ जगहों पर संस्थाएं भी प्लास्टिक का रिसाईकिलिंग करने का काम कर रही है और उसका सदुपयोग कर रहीं हैं। देशवासियों से आहवान किया कि हमें देश को बचाने के लिए प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करना हैं।